षोडश

बिहार विधान सभा

द्वादश सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-4

वृहस्पतिवार, तिथि 25 माघ, 1940 (श0) / 14 फरवरी, 2019 (ई0)

प्रश्नों की कुल संख्या 02

(1) पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग	..	..	01
(2) राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग	..	..	01
		कुल योग —	02

क्षतिपूर्ति देना

4. श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी--दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 7 जनवरी, 2019 को पटना से प्रकाशित शीर्षक ''Death of 650 Chickens sets off Bird Flu Scare in Bihar'' एवं ''राज्य में 60 से अधिक कौओं की मौत'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में बर्ड फ्लू बीमारी के कारण हजारों मुर्गियों, कौओं तथा मोर सहित अन्य पक्षियों की मौत हो रही है, जिसके कारण मुर्गी पालकों को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है, जबकि सरकार द्वारा अभीतक इस बीमारी की रोक-थाम के लिये कोई कारगर कदम नहीं उठाया गया है, जिसके कारण बीमारी पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार बीमारी पर नियंत्रण एवं मुर्गी पालकों को क्षतिपूर्ति देने के संबंध में कबतक कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

वैकल्पिक व्यवस्था करना

5. श्री श्याम रजक--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि माननीय पटना उच्च न्यायालय द्वारा 2,297 अमीनों की नियुक्ति हेतु निकाले गये विज्ञापन को निरस्त कर दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अमीन की नियुक्ति में हो रहे विलम्ब से अंचलों में भूमि मापी का काम बाधित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इसकी वैकल्पिक व्यवस्था कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पटना :
दिनांक 14 फरवरी, 2019 (ई0) ।

बटेश्वर नाथ पाण्डेय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि0स0मु0 147(एल0ए0), 2018-19-डी0टी0पी0-550